अतिमहत्वपूर्ण/ समयबद्ध/तत्काल

पत्र सं0-अपर आयु0(पुलिस)/प्रशिक्षण / 2024-25/ 305 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर,उत्तर प्रदेश
(पुलिस--कैम्प)
दिनांक::लखनऊ:: 23 अक्टूबर ,2024

समस्त
अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि0 अनु0शा0), राज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

कृपया पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या-पांच-111-आर(उ0नि0ना0पु0 प्रशिक्षण)2024 दिनांक 21-10-2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या:प्रनि-प-30/2024/4004 दिनांक 20-08-2024 द्वारा कुल- 19 प्रशिक्षण संस्थानों में दिनांक 24-10-2024 से दिनांक 07-12-2024 तक 45 दिवस का उपनिरीक्षक ना0पु0 आधारभूत प्रशिक्षण हेतु आवांटित किया गया है।

समसन्दर्भ में आपसे अपेक्षित है कि अपने-अपने जोन में सम्बद्ध पदोन्नति प्राप्त उपनिरीक्षक ना0पु0 को उक्त सम्बन्ध में अवगत कराते हुए निर्देशित कर दें, कि यदि पुलिस मुख्यालय की वेबसाइड में प्रशिक्षण के लिए उनका नाम अंकित है तो ससमय वह आपको अवगत करा दें , जिससे आप द्वारा अपने-अपने जोन से प्रशिक्षण हेतु नामित पुलिस कर्मियों को सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थानो में कार्यभार ग्रहण करने हेतु आज ही कार्यमुक्त किया जा सके। प्रशिक्षण हेतु कार्यमुक्त पुलिसकर्मियों को अपने स्तर से यह भी निर्देशित कर दें, कि वह अपनी योगदान आख्या आज ही सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थान में प्रत्येक दशा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगें प्रशिक्षण हेतु नामित पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति अवधि यदि प्रशिक्षण अवधि के अन्दर समाप्त हो रही हो तो उसकी सूचना से सर्वसम्बन्धित सहित अधोहस्ताक्षरी को भी तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

(प्रकाश स्वरुप पाण्डेय)
आई0पी0एस0
अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

पृष्ठांकन पत्र संख्या: व दिनांक: उक्त।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाहीं हेतु प्रेषित।

1- पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या-पांच-111-आर(उ0नि0ना0पु0 प्रशिक्षण)2024 दिनांक 21-10-2024 के क्रम में।

2- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय की विभाागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

23/10/24

अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ